तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों में बढ़ी जागरूकता





14 जलाराम बापा की जयंती पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल




## खबर संक्षेप

### अंगारमोती गोधाम में आज विशेष कार्यक्रम

**धमतरी।** गोपाष्टमी एवं अक्षय नवमी के अवसर पर 30 अक्टूबर को ग्राम तुमाबुजुर्ग स्थित अंगारमोती गोधाम में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संचालक मंडल के अध्यक्ष दीपक लखोटिया, सचिव नरेंद्र जयसवाल तथा कोषाध्यक्ष सुबोध राठी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से 3:30 बजे तक गौ सेवा सम्मान एवं मंचीय कार्यक्रम से होगा। 3:30 से 4:30 बजे तक आंवला वृक्ष पूजन, महाआरती तथा खिचड़ी प्रसादी का आयोजन रहेगा। संध्या 5 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें अनेक भजन मंडलियां भाग लेंगी।

### चमकारी प्रतियोगिता आज

**धमतरी।** शहर की सुंदरता और सृजनशीलता को निखारने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं नगर पालिका निगम द्वारा 'चमकारी-अपनी कला का करे प्रदर्शन और अपने शहर को सुंदर बनाये' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 30 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से इंडोर स्टेडियम धमतरी में होगा। इस कार्यक्रम में शहर के कलाकारों, युवाओं एवं विद्यालय, महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी कला, रचनात्मकता और सामाजिक संदेशों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रतिभागी दीवार चित्रकला, पोस्टर, स्केच, पेंटिंग आदि के माध्यम से अपनी कला प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 21,000 तथा दूसरा पुरस्कार 15,000 रखा गया है।

### युवाओं को मिलेगा लाइट मोटर व्हीकल ड्राइविंग का प्रशिक्षण

**धमतरी।** छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण विनियम 2023 के अंतर्गत युवाओं को आधुनिक विषयों में दक्ष बनाने तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी के मध्य अनुबंध किया गया है। इस अनुबंध के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर (लेवल-3) प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी का छग राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थी एक नवम्बर से कार्यालयीन समय में भोपाल रावपवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर वाहन चालक के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलेगा तथा उन्हें स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर करेगा। इच्छुक अभ्यर्थी जीआर साहू से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सिंधी और अग्रवाल समाज में आक्रोश, कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर अमित के खिलाफ एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज और अग्रवाल समाज के आराध्य देवताओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दोनों समाज के लोगों में आक्रोश है। बुधवार को पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने धमतरी थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा कि रायपुर निवासी अमित बघेल जो छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख हैं, ने 26 अक्टूबर को सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल और भगवान वरुणदेव के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की। बघेल की इस टिप्पणी से सिंधी समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।



समाज के लोगों ने कहा कि सिंधी समुदाय देशभक्त, शांतिप्रिय और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने वाला समाज है। भारत के राष्ट्रगान में सिंध का उल्लेख है और सिंधी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है। पूज्य पंचायत के मुखी चंदू जसवानी ने कहा कि सिंधी समाज के पूर्वजों में अमर शहीद हेमू कालाणी जैसे स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। ऐसे समाज को पाकिस्तानी सिंधी कहना निंदनीय है और सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश है।

समाज ने प्रशासन से मांग की है कि अमित बघेल के खिलाफ धार्मिक उन्माद फैलाने, सामाजिक वैमनस्य भड़काने और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में कठोर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की जाए।

आवेदन सौंपने के दौरान सिंधी समाज की ओर से चंदू जसवानी, महेश रामरख्यानी, संतोष तेजवानी, सोनू जसूजा, गौतम वाधवानी, अशोक चरवानी, रामचंद गुरुजी, बंटी वाधवानी, प्रकाश वाधवानी, राजा भोजवानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। वहीं अग्रवाल समाज की ओर से दयाराम अग्रवाल के नेतृत्व में श्याम अग्रवाल, मनसुख अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, विजय गर्ग, निर्मल गुप्ता, सुनील मित्तल, प्रमोद बंसल, मनीष गुप्ता, प्रतीक गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल दो समाज का नहीं बल्कि देश की धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता की रक्षा का मामला है।

### अग्रवाल समाज ने भी सौंपा आवेदन



इसी तरह अग्रवाल समाज ने भी अमित बघेल के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार शाम को सीएसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक धमतरी के नाम आवेदन सौंपा। आवेदन में कहा कि अमित बघेल ने एक चैनल पर दिए बयान में भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। वीडियो की सीडी आवेदन के साथ पुलिस को सौंपी गई है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दयाराम अग्रवाल ने कहा कि इस बयान से न केवल अग्रवाल समाज बल्कि पूरे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। यह बयान समाजों को भड़काने और धार्मिक अराजकता फैलाने की साजिश है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने मांग की कि आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की टिप्पणी करने का साहस न करे।

### समाजों की चेतावनी

सिंधी और अग्रवाल समाज ने संयुक्त रूप से चेतावनी दी है कि यदि पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई नहीं की तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे। समाजजनों ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी समाज में नफरत और विभाजन फैलाने का कार्य करती है, जिससे राज्य की सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द्र को खतरा उत्पन्न होता है।

### वीडियो की सत्यता की पुष्टि के बाद होगी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने दोनों समाजों के आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू करने की बात कही है। सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो की तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि वीडियो की सत्यता की पुष्टि के बाद कार्रवाई की जाएगी।

उधर समाजजनों का कहना है कि वे प्रशासन के निर्णय की प्रतीक्षा करेंगे, लेकिन यदि कार्रवाई में देरी हुई तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## राज्योत्सव पर प्रदर्शित होगी प्रदेश की विकास यात्रा



- जिला स्तरीय कार्यक्रम 2 से 4 नवम्बर तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय धमतरी में 2 से 4 नवम्बर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर होंगे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एकलव्य खेल परिसर धमतरी में किया जाएगा। तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आमंत्रित कलाकार भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जो प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आम नागरिकों के लिए निःशुल्क अवलोकन हेतु खुले रहेंगे।

### प्लेसमेंट कैम्प आज

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 30 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक इन्फोटेक इंडिया प्रायवेट लिमिटेड धमतरी और स्वतंत्र माइक्रोफाईन प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स एक्जीक्युटिव, टीम मैनेजर और फील्ड ऑफिसर आदि के कुल 275 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और स्नातक है, वे इस प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

## सिर्री में ठेकेदार के घर पर ईओडब्लू और एसीबी की दबिश

- 2 स्कॉर्पियो में पहुंची थी 8 सदस्यीय टीम, 5 घंटे तक पूछताछ कर दस्तावेज खंगाला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

धमतरी जिला अंतर्गत कुरूद ब्लाक के ग्राम सिर्री में 29 अक्टूबर बुधवार को ईओडब्लू और एसीबी की टीम ने एक ठेकेदार के घर में छापामार कार्रवाई की।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 7 बजे ग्राम सिर्री निवासी ठेकेदार अभिषेक त्रिपाठी पिता रमेश त्रिपाठी के घर में ईओडब्लू और एसीबी की टीम ने घर में दबिश दी और 5 घंटे तक जरूरी दस्तावेजों को खंगाला। टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। इस बीच तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। कार्रवाई के लिए 2 स्कॉर्पियो वाहन में 8 सदस्यीय टीम पहुंची थी। यह छापामारी कार्रवाई डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में थी। घोटाले को लेकर टीम ने लगभग 5 घंटे तक पूछताछ कर दस्तावेज खंगाला और दोपहर 12 बजे सिर्री से रवाना हुई। कार्रवाई के बाद टीम अपने साथ लाल रंग के बैग में अहम दस्तावेज सहेजकर लेकर गई। मामले की जांच जारी है।





अभिषेक त्रिपाठी

## अस्पताल की जगह पर अतिक्रमण कर बनाया जा रहा मकान

- अस्पताल प्रबंधन पूर्व में भी कर चुका है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल की शासकीय जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाने का मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व में इसकी शिकायत की जा चुकी है।

जिला चिकित्सालय परिसर में एक समय काफी खाली जगह थी, लेकिन धीरे धीरे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होने के साथ खाली स्थानों पर अलग -अलग विभागों की बिल्डिंग बनती चली गई। वर्तमान स्थिति में जिला अस्पताल परिसर लगभग भर चुका है। इसी के साथ अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए अब अस्पताल में जमीन कम पड़ने लगी है जिसके कारण दूसरे स्थान पर नवीन जिला अस्पताल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद जिला अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के पास आसपास और शासकीय जगह है । अस्पताल परिसर के पीछे लौंड्री हाउस के पास जगह है। उक्त खाली शासकीय जगह पर किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर निजी मकान का निर्माण कराया जा रहा है।



बताया गया है कि यह जगह राजस्व रिकार्ड में खसरा नंबर 203 दर्ज है। अस्पताल परिसर के अंतिम छोर पर स्थित बाउंड्रीवाल के बाद अस्पताल की ही काफी बड़ी जगह है। यहां बस्ती बस जाने के बाद आने-जाने के लिए रास्ता दिया गया। रास्ता छोड़कर वर्तमान में अस्पताल की बाउंड्रीवाल है जिसके भीतर अस्पताल की लगभग 10 हजार वर्गफीट की जगह है। वहीं पर एक किनारे में लौंड्री हाउस संचालित है जिसके पीछे लोगों के मकान हैं। उनके आने जाने के लिए एक और रास्ता दिया जाना था, लेकिन वहां पर अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है।

इस संबंध में सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर ने मीडिया को बताया कि कैंप के पीछे अस्पताल की जगह है। वहां अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। इस मामले में पूर्व में एसडीएम को पत्र लिखा गया था, फिर से रिमाइंडर लेटर दिया जा रहा है।



### अंगारमोती दुगली की मड़ई 31 को होगी

**नगरी।** आदिशक्ति अंगारमोती दुगली की मड़ई 31 अक्टूबर को होगी। अंगारमोती सेवा समिति अध्यक्ष सुरेंद्रराज ध्रुव , सीताराम नेताम, उपाध्यक्ष शंकर लाल नेताम, कोषाध्यक्ष मनहरण लाल डोंगरे, सचिव भावसिंह मरकाम, सहसचिव गायता पुजारी गुलेश नेताम, वरुण देव नेताम, बसंत नरेटी, बलराम डोंगरे, गोपाल यादव, शंभुराम मरकाम, लुकाउराम सोरी, गजराज सिंह ध्रुव, शिवा नेताम, नमन कुमार नेताम ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

## सघन बस्ती में मोबाइल टॉवर लगाने का विरोध



रामसागरपारा वार्डवासियों ने एनओसी निरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के रामसागरपारा वार्ड क्रमांक 31 में एक मकान की छत पर लगाए जा रहे मोबाइल टॉवर को लेकर वार्डवासियों में आक्रोश है। नागरिकों ने इसे सघन आबादी वाले क्षेत्र के लिए खतरा बताते हुए जिला प्रशासन से टॉवर की एनओसी निरस्त करने की मांग की है।

वार्डवासियों ने जिलाधीश, नगर पालिक निगम के आयुक्त और महापौर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि वार्ड के एक मकान में मोबाइल टॉवर लगाया जा रहा है, जबकि यह क्षेत्र पूरी तरह आवासीय और घनी बस्ती वाला है। उन्होंने कहा कि टॉवर से निकलने वाला रेडिएशन बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके अलावा, टॉवर की ऊंचाई और संरचना से बारिश या तूफान के दौरान दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

वार्डवासियों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले भी रिसाईमाता मंदिर के पास पटेल बाड़ी क्षेत्र में एक मोबाइल टॉवर लगाया गया था। अब 200 मीटर की दूरी में दूसरा टॉवर लगाए जाने की तैयारी की जा रही है, जिससे आसपास के लोगों में असंतोष है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार के टॉवर से घर की कीमत, पर्यावरण और सौंदर्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वार्डवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इस टॉवर की एनओसी निरस्त करने की मांग की है ताकि लोग सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में रह सकें।

इस अवसर पर पार्षद शैलेश रजक, पूर्व पार्षद श्यामा साहू, विजय ठाकुर सहित राजकुमार यादव, मुन्नालाल साहू, मिलन साहू, कमलेश यादव, नरेश साहू, रवि साहू, शंभू यादव, देवा यादव एवं अन्य वार्डवासी मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा ।

### सेंटर संचालक हो रहे परेशान, कहा : ट्रेनिंग का टार्गेट ही कम

# जिले के कई वीटीपी सेंटर हुए बंद, बाकी की हालत पतली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बार-बार नियम बदलने से कौशल विकास विभाग के वीटीपी सेंटरों की हालत पतली हो गई है। अब तो गिने चुने ही प्राइवेट वीटीपी सेंटर चल रहे हैं। वे भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कौशल विभाग द्वारा 20-30 युवाओं को ट्रेनिंग देने के लिए बैच दिया जा रहा है। लाखों के सेटअप में इतने कम युवाओं को ट्रेनिंग देना उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है।

कौशल विकास प्रशिक्षण की स्थिति पिछले चार-पांच साल से खराब है। एक समय था जब हजारों की संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था, लेकिन अब नियम टाइट करने के साथ युवाओं को प्रशिक्षण देने के लक्ष्य में जमकर कटौती की गई है। इससे निजी वीटीपी सेंटरों की हालत पतली हो गई है। इन पांच साल में तो अधिकांश वीटीपी सेंटर बंद हो गए हैं। जो वीटीपी सेंटर बचे हैं या नए खुले हैं, वे मुश्किल से अपना सेंटर चला पा रहे हैं। वीटीपी सेंटर संचालकों ने बताया कि लाखों की लागत लगाकर उन्होंने वीटीपी सेंटर की स्थापना की है। भवन किराया, बिजली बिल, ट्रेनर व कर्मचारियों का वेतन सहित कई खर्च हर माह करना पड़ता है। लागत वसूली तो दूर, ट्रेनिंग का टार्गेट कम होने के कारण मासिक खर्च निकालना भी मुश्किल हो जाता है। जिला पंचायत सीईओ के सामने एक बार फिर वे इस समस्या को लेकर शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### बैच ऐसी की छात्र मिलना मुश्किल

वीटीपी सेंटर संचालकों ने बताया कि धमतरी में सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर साफ्टवेयर जैसे बैच को युवा काफी पसंद कर रहे थे। कौशल विभाग में इन प्रशिक्षणों के लिए कोई लक्ष्य ही नहीं है। कई ऐसे बैच मिले हैं, जिनमें ट्रेनिंग लेने के लिए छात्र नहीं मिलते हैं। वीटीपी सेंटर संचालक राखी सोनी ने बताया कि सोरिद में उन्होंने कम्प्यूटर ट्रेनिंग के लिए सेटअप डाला था। कौशल विकास विभाग से इस ट्रेनिंग के लिए बैच ही नहीं मिला। मजबूरी में इस सेटअप को लेकर उन्होंने वहां कम्प्यूटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट डाला है।

### अब डेयरी संचालन सीखेंगे युवा

कौशल विकास विभाग को इस बार नया और अनोखा बैच मिला है, डेयरी फार्मिंग का। इसके तहत 20 युवाओं को डेयरी संचालन का प्रशिक्षण दिया जाना है। नया ट्रेड होने के कारण अब तक इस ट्रेड में किसी भी वीटीपी सेंटर ने पंजीयन नहीं कराया है। कौशल विकास विभाग द्वारा इसके लिए वीटीपी सिलेक्शन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की ट्रेनिंग दे सकता है तो वह कौशल विकास विभाग से सम्पर्क कर सकता है। इस ट्रेनिंग में पशुधन विकास विभाग भी सहयोग करेगा, जिसमें पशुओं को बीमारियों से बचाने, उनके अच्छे स्वास्थ्य, देखरेख, चारा प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह बैच डेयरी में रूचि रखने वाले युवाओं के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है।

### तीन सौ का प्रशिक्षण कम्पलीट

इस साल 680 युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 300 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मार्च से पहले लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। अभी सिक्युरिटी गार्ड, कम्प्यूटर हार्डवेयर, नर्सिंग की ट्रेनिंग चल रही है। रिटेल, टैक्सी ड्राइवर की ट्रेनिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी।

- डॉ शैलेंद्र कुमार गुप्ता, *कौशल विकास विभाग*


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969




## खबर संक्षेप

### रसोइया संयुक्त संघ की कल होगी बैठक

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ ब्लॉक दुर्गुकोंदल की बैठक 31 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक तहसील कार्यालय के सामने रखी गई है, जिसमें ब्लॉक के सभी रसोइयों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। इस बैठक में रसोइयों की समस्याओं, मानदेय वृद्धि, कार्यस्थल परिस्थितियों, सेवा सुरक्षा तथा नवंबर माह में प्रस्तावित हड़ताल से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा किया जाएगा। उक्ताशय जानकारी ब्लॉक सचिव घनश्याम बघेल ने दिया।

### राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का 22 से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल के उन्मुक्त खेल मैदान में आगामी 22 नवम्बर शनिवार को राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता का दूसरा सीजन आयोजित होने जा रहा है। सामूहिक नृत्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 13000, द्वितीय 9000, तृतीय 7000, चतुर्थ 5000 तथा पंचम 3000 रूपए, युगल नृत्य श्रेणी में प्रथम 6000, द्वितीय 5000, तृतीय 3500, चतुर्थ 2500 और पंचम 1500 रूपए एवं एकल नृत्य श्रेणी में प्रथम 5000, द्वितीय 4000, तृतीय 3000, चतुर्थ 2000 और पंचम 1000 रूपए का पुरस्कार रखा गया है। अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में पहली बार लक्की ड्रा भी जोड़ा गया है, जिसमें पहला इनाम एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल, दूसरा इनाम एक्टिवा स्कूटी, तीसरा इनाम फ्रीज, चौथा इनाम एलईडी टीवी तथा पाँचवा इनाम वॉशिंग मशीन रखा गया है।

### रेत का अवैध उत्खनन, 6 वाहनों पर प्रकरण दर्ज

**जगदलपुर।** खनिज जांच दल द्वारा 28 अक्टूबर को जिले के ग्राम बनियागांव का औचक निरीक्षण में अवैध रूप से गौण खनिज रेत का उत्खनन करते पाये जाने के कारण उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर 6 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंपी गई।

## निधन

### गजानंद सोनी



**धमतरी।** शारदा नगर रुद्री रोड निवासी रिटायर्ड टेलीफोन आपरेटर गजानंद सोनी उम्र लगभग 75 वर्ष का बुधवार की सुबह 8:15 निधन हो गया। वे निकेश सोनी, नवनीत सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान शारदा नगर रुद्री से दोपहर 2 बजे शांतिघाट के लिए निकली। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज धमतरी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**।। न्यायालय नायब तहसीलदार सिर्री, जिला-धमतरी ।।**

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक/19/वा.-1/ना.तह./2025

सिर्री, दिनांक 15/10/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम नागरिक को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक यशवंत कुमार पिता रामभरोसा जाति सतनामी ग्राम फुसेरा तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) का कृषक एवं निवासी हूं मेरे भाई थुकेल पिता रामभरोसा एवं अन्य दो के संयुक्त नाम पर ग्राम फुसेरा प.ह.नं. 37 तहसील कुरूद जिला धमतरी में भूमि ख.नं. 46, 48, 194, 210, 211/1, 215, 385, 450, 454, 455, 705 कुल ख.नं. 11 कुल रकबा 3.79 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें मेरा नाम यशवंत कुमार पिता रामभरोसा अंकित है तथा मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम करण लाल बंजारे पिता रामभरोसा अंकित है। यह कि राजस्व अभिलेख में भिन्न नाम होने के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में मेरा नाम यशवंत कुमार उर्फ करण लाल बंजारे पिता रामभरोसा अंकित किया जावे का लेख कर आवेदनमय नक्शा खसरा, बी.1, शपथपत्र, आधार कार्ड एवं अंकसूची की छायाप्रति पेश किये जाने से प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो, इस न्यायालय में नियत सुनवाई दिनांक 28.10.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद-मुद्रा से जारी किया गया।

पद-मुद्रा

नायब तहसीलदार
उपतहसील सिर्री

---

निराकरण नहीं होने पर राजस्व न्यायालयों की कार्रवाई का करेंगे बहिष्कार

# तहसीलों में अव्यवस्था को दूर करने अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी**

अधिवक्ता संघ ने 28 अक्टूबर को अधिवक्ता कार्यलय में बैठक आयोजित कर कुरूद अनुभाग के अंतर्गत तहसील कुरूद, भखारा, मगरलोड सहित उपतहसील करेली बड़ी व सिर्री में राजस्व न्यायालय की कार्यालयीन अव्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। अधिवक्ता संघ ने बताया कि इन राजस्व न्यायालयों में विगत कुछ वर्षों से प्रतिलिपि शाखा द्वारा समय पर अधिवक्ताओं व पक्षकारों को सत्य प्रतिलिपि नकल सहज प्रदान नहीं की जाती। नवीन पेश राजस्व मामलों का त्वरित पंजीयन नहीं किया जाता है व पंजीयन में महीनों का समय लग जाता है। इससे अधिवक्ता संघ में नाराजगी है। प्रतिबंधित धारा फौजदारी मामलों में तहसील के लिपिक द्वारा पक्षकारों को भ्रमित कर जानकारी दी जाती है कि इस मामले में अधिवक्ता नियुक्त





करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं राजस्व मामलों में समय से पक्षकारों को नोटिस तामिल नहीं करवाया जाता है। अव्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वहीं 7 दिवस के भीतर उपरोक्त विषयों का निराकरण नहीं करने पर समस्त राजस्व न्यायालयों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने अधिवक्ता संघ लामबंद होगा।

इस अवसर पर संघ के संरक्षक एलपी गोस्वामी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष नरेश डिगरे, ममता सोनकर, सचिव यशवंत साहू, सहसचिव श्याम शंकर चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र साहू, बीडी साहू, रमेश सिन्हा, केडी जागेंद्र, एसपी लाम्बा, एनेन्द्र साहू, यजुवेन्द्र साहू, देवचरण साहू, गुलेश्वर साहू, राजेश साहू, हरीश साहू, ईश्वरी तारक, जालम, चंद्रशेखर साहू, राकेश देवांगन, दिलीप साहू, तोषकुमार चक्रधारी, भुनेश्वरी साहू, खेमप्रकाश सोनवानी, हेमंत निर्मलकर सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# कलार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**



कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा राजराजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाजजनों ने समाज की दशा, दिशा एवं कार्यशैली पर प्रकाश डाला। सामाजिक एकरूपता का संदेश दिया। मौके पर संरक्षक श्रीराम सिन्हा, मंडलेश्वर संतोष कुमार सिन्हा, सचिव यशवंत सिन्हा, कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा, रामसेवक सिन्हा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती परमेश्वरी सिन्हा, अध्यक्ष महिला मंच श्रीमती सुमन गजेंद्र, गणराज सिन्हा, महामंत्री जिला दयाराम सिन्हा, पूर्व महामंत्री सुरेश सिन्हा, विकास सिन्हा, देवराम गजेंद्र, भूपेश सिन्हा, खोमन सिन्हा, हुलास गजेंद्र, डेरु राम सिन्हा, परसादी राम सिन्हा, मीतराम सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, रोहित सिन्हा, निखिल सिन्हा उपस्थित थे।

# सेन्हाभाठा में टिन शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड**



सेन्हाभाठा के समरसता भवन में 19 लाख रुपये की लागत से मण्डी बोर्ड द्वारा स्वीकृत टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। यह कार्य अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के विशेष प्रयास से स्वीकृत हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड रहे। अध्यक्षता श्रीमती मीना डेमू साहू सहकारिता सभापति जिला पंचायत धमतरी ने की। इस अवसर पर श्रीमती मनीषा ध्रुव सरपंच मेघा, कल्याण सिंह राजपूत बीजेपी मण्डल अध्यक्ष मेघा, छत्रपाल साहू उपसरपंच, यमुना केवल साहू जनपद सदस्य, योगेश्वर साहू, वेदराम साहू पंच, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, कृष्णा साहू पंच, श्रीमती खेमबाई साहू, संगीता यादव पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि अटल समरसता भवन सेन्हाभाठा में टिन शेड निर्माण से ग्राम में सामाजिक, सांस्कृतिक व जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए एक सशक्त स्थल उपलब्ध होगा। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नंदी चौक पर होगी नंदी की स्थापना प्रस्ताव पारित, समिति हुई गठित





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा**

विगत दिनों नंदी चौक में पूर्व में स्थापित नंदी की मूर्ति को दूसरे स्थान पर ले जाया गया है। इससे नंदी चौक के सभी दुकानदार सूनापन महसूस कर रहे थे। पुराना सोसाइटी भवन के सामने दुकानदारों की आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें नंदी चौक पर नंदी की स्थापना करने का विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से नंदी स्थापना करने प्रस्ताव पारित करते हुए नंदी समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष मनोज कश्यप, उपाध्यक्ष पवन साहू, कल्याण मत्स्यपाल, सचिव डिगेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष नेहरू साहू, मीडिया प्रभारी राजू साहू मनोनीत किये गये।

# शिक्षा से ही समाज व देश का विकास : मरकाम

- कसपुर शाला में विदाई एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**

गोंडवाना प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कसपुर में विदाई एवं स्वागत सम्मान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार ने सेवा दे रहे शिक्षक बाबूराम मरकाम की वनरक्षक के रूप में नियुक्ति होने पर उन्हें ससम्मान विदाई दी। साथ ही विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने वाली शिक्षिका श्रीमती चांदनी ठाकुर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवनाथ मरकाम जनपद





सदस्य नगरी थे। अध्यक्षता बोधन सिंह मरकाम सरपंच कसपुर ने की। विशेष अतिथि भंवर सिंह साक्षी उपाध्यक्ष गोंडवाना समाज सेवा समिति उपक्षेत्र कसपुर थे। मुख्य अतिथि शिवनाथ मरकाम ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से शाला आने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। सरपंच श्री मरकाम ने भी अपने विचार रखे।

इस आयोजन में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भावसिंह नेताम, शिक्षक पूरन मंडावी कोयलीबेड़ा, प्रधानाचार्य रामेश्वर मरकाम, पालक प्रतिनिधि चंदन सिंह मरकाम, गेसकुमार वट्टी, शिक्षकगण धनसिंह मरकाम, जानकी मरकाम, भुनेश्वरी मरकाम, सरोज नेताम का सहयोग रहा।

# किसानों को बताया जैविक खेती का महत्व





- गढ़डोंगरी (माल) में जैविक किसान मेला एवं वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**

जैविक खेती मिशन योजना अंतर्गत ग्राम गढ़डोंगरी (माल) में जैविक किसान मेला सह वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा किसानों को जैविक खेती के महत्व, उसकी तकनीकी प्रक्रिया, दीर्घकालीन लाभ, उन्नत तकनीक, वर्मी कंपोस्ट निर्माण, कीट एवं रोग नियंत्रण, जैविक उत्पादों के विपणन संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में टीकाराम कंवर सभापति कृषि स्थायी समिति जिपं धमतरी, अजय ध्रुव सभापति वन स्थायी समिति जिपं, गरिमा नेताम सदस्य जिला पंचायत, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, प्रेमलता नागवंशी सभापति जनपद पंचायत नगरी, पन्नालाल मरकाम सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत नगरी, राजू गोसाईं, सभापतिजनपद पंचायत नगरी, शिवनाथ मरकाम सदस्य जनपद पंचायत नगरी, रजनी नेताम सरपंच गढ़डोंगरी (माल), इंदुमती मरकाम, शकुंतला ठाकुर सरपंच गिधावा, प्रवीण ठाकुर व मोनेश साहू उपसंचालक कृषि, दीपिका चंद्रवंशी एवं प्रेमलाल साहू कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी, लाकेश साहू वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, चंद्रप्रकाश साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सिवनीकला के छात्र पूनम का अंडर-14 राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)**

25वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला के कक्षा 9वीं के छात्र पूनम साहू पिता भीषम साहू का चयन अण्डर-14 बालक क्रिकेट में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

खेल शिक्षक जेके साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता सरगुजा (अम्बिकापुर) में 28 से 31 अक्टूबर तक होगी। इनके चयन पर प्राचार्य टीआर पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनएस साहू, श्रीमती पी.ठाकुर, श्रीमती आर.कोसरे, श्रीमती एस.मारकण्डे, श्रीमती टी.साहू, सुश्री



आर. पैकरा, सुश्री के. साहू, डीके धीवर, डीडी निर्मलकर, डीआर बंजारे, केके गायकवाड़, एचके साहू, एके साहू, जेके साहू, श्रीमती एस.साहू क्लर्क, प्रकाशचंद यादव, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एल.साहू, डीके साहू, एम.नरेटी, एस.साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टकेश्वर चन्द्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, सांसद प्रतिनिधि सुशील साहू, विधायक प्रतिनिधि कपिल पटेल, सुरेश तारक, विक्रम साहू, दिलीप साहू, सुरेश साहू पंच, खिलावन चन्द्राकर, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू, श्रीमति ज्योति साहू ने हर्ष जताया है।

क्षेत्र की जरुरतों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे : कुंजाम

# मुकुंदपुर में यात्री प्रतीक्षालय का हुआ भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**

जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने अपने जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। निर्माण कार्य जनपद सदस्य की विकास निधि से स्वीकृत राशि 2 लाख से किया जाएगा।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री कुंजाम ने कहा कि ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के लोगों की यह लंबे समय से मांग थी कि यहां एक यात्री



प्रतीक्षालय का निर्माण हो, ताकि बरसात या धूप में यात्रियों को इंतजार के दौरान परेशानी न हो। क्षेत्र के लोगों को इस प्रतीक्षालय से काफी सुविधा मिलेगी, खासकर उन छात्रों को जो पास स्थित आईटीआई कॉलेज में अध्ययन हेतु आते-जाते हैं। प्रतीक्षालय के बन जाने से छात्रों, ग्रामीणों और आने-जाने वाले यात्रियों को सुरक्षित व छायादार स्थान मिलेगा। जनपद पंचायत की विकास निधि का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। आगे भी वे अपने क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे।

मौके पर सरपंच श्रीमती दुर्गा दर्रो, उप सरपंच नोहर मरकाम, सचिव द्वारिका प्रसाद कुर्रे, बूथ अध्यक्ष सुखराम मरकाम, अभयराम कुंजाम, साहनूराम मरकाम, गुलशन साहू, चंदेश्वरी शोरी, रजनी चेलक, रमती कुंजाम, हीरदेश्वरी मरकाम, रामजी नेताम, पूनम चतुर्वेदी, नंदकुमार शोरी, विचित्रनंद सेन, भगवती नेताम, मानेश्वर मरकाम, जुगलाल मरकाम, माहेश्वरी मरकाम, किरण मरकाम, रोहणी शोरी, सत्याराम नेताम, रामसिंह ध्रुव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने श्री कुंजाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतीक्षालय ग्राम के लिए एक बहुप्रतीक्षित सुविधा थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इससे न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि गांव की पहचान और सौंदर्य में भी वृद्धि होगी।

# भैंसमुंडी में प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री**

दीपावली पर्व पर द माया जीवन फाउंडेशन व गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारी के तत्वावधान में भैंसमुंडी के होनहार छात्र-छात्राओं नेहा साहू, दिव्या साहू, खुशबू साहू, अनन्या साहू, हेमलता साहू, राजा चंद्राकर का सम्मान किया गया। द माया जीवन फाउंडेशन के देवा साहू और गैलेक्सी स्कूल के डायरेक्टर राजेश साहू ने सम्मानित किया। इस अवसर पर दिलीप साहू, सागर साहू, हेमचंद साहू समेत अन्य उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इसकी सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**खबर संक्षेप**

### सेवा शुल्क बढ़ोतरी की मांग, आंदोलन जारी



**चारामा।** देशभर में एलपीजी वितरकों ने सेवा शुल्क बढ़ाने की माँग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, बीपीसीएल के एलपीजी वितरकों ने सेवा शुल्क में बढ़ोतरी की माँग को लेकर प्रशासन को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पत्र में सचिव भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नाम से कलेक्टर की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर सरस्वती बंजारे को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिले के फेडरेशन के अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप दुग्गा, टिकेश साहू, अरौद एचपी गैस, सुखचंद नेताम मवलिपारा इंडेन साल्हे, एचपी गैस गौतम उइके, भोपेश नेताम एचपी गैस नरहरपुर, शिवनाथ भानुप्रतापुर नंद गुप्ता, लखनपुरी भारत गैस समीर कुरैशी, अंतागढ़ एचपी गैस गौतम जयसवाल, पूजा एचपी चारामा धीरज साहू, बासनवाही इंडेन ईश्वरी नेताम, कोरर एचपी गैस राहुल ठाकुर एवं अन्य लोग शामिल रहे।

### मेंढकी नदी में मिला अज्ञात का शव

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत मेंढकी नदी के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। सावलीबरस निवासी किशोर उसेंडी ने पुलिस को बताया कि 28 अक्टूबर को नदी तरफ शौच के लिए गया था। उधर नदी के बीच एक अज्ञात व्यक्ति का शव मेंढकी नदी में पड़ा हुआ था और चेहरा पानी में डुबा हुआ था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना मामले में सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। पखांजूर निवासी साधना चक्रवर्ती की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण के उनके निकटतम आश्रित निलू चक्रवर्ती के लिए 25 हजार रूपए तथा कांकेर तहसील के ग्राम पोटगांव निवासी नीलम कस्तुरे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन भेमिन कस्तुरे के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### बच्चा तालाब में डूबा, हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत तालाब में नहाने के दौरान 7 वर्षीय हिमांशु कोमरे का डुबने से मौत हो गया। तालाकुर्रा निवासी दिनेश कोमरे ने पुलिस को बताया कि मृतक गांव के तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाते समय पानी में डूब गया था, जिसे बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी धनेलीकन्हार लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण का बताया कि बच्चे की मौत हो चुकी है।

डोर-टू-डोर दी जा रही जानकारी, विशेष शिविर भी लगाए जा रहे

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों में बढ़ी जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के ग्राम पंचायत खिसोरा एवं नाथूकोन्हा (केरेगांव) में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के तहत साप्ताहिक बाजार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को बताया गया कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा तीन किलोवाट तक के सोलर पैनल लगाने पर आकर्षक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

शिविर के दौरान ग्राम खिसोरा में दो ग्रामीणों ने स्थल पर ही पंजीयन कराया, वहीं अधिकांश ग्रामीणों ने फसल कटाई के बाद पंजीयन कराने का आश्वासन दिया। ग्राम नाथूकोन्हा (केरेगांव) में भी डोर-टू-डोर सर्वे कर 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा योजना के लाभ के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह योजना बिजली बिल में बचत के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत ग्रामीण परिवार अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर न केवल मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। बस स्टैंड मेघा में आयोजित शिविर में लगभग 27 उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी दी गई और स्थल पर ही 5 उपभोक्ताओं का पंजीयन किया गया। जनपद पंचायत कुरूद द्वारा आयोजित ग्राम पंचायतों के सचिवों की समीक्षा बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर जानकारी दी गई।



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी सशक्त

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस योजना से न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान मिलेगा।

### कुरूद विकासखंड के 30 गांवों में लगेंगे शिविर

ग्रामीण उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़ने और योजना के लाभों की जानकारी देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कुरुद संभाग अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विद्युत वितरण केंद्र कुरुद अंतर्गत बीते 24 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक कुल 30 ग्रामों में पीएम एसजीएम शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना की जानकारी दी जाएगी। 29 अक्टूबर को बगौद, मौरीकला, गुजरा, जामगांव, पचपेड़ी, करेली (बी), भोथीडीह, 30 अक्टूबर को चर्रा, 31 अक्टूबर को कातलबोड़, मड़ेली, कोर्रा, गाड़ाडीह, 3 नवम्बर को राखी, मंदरौद, सिवनीकला, 5 नवम्बर को चोरभट्टी, सेलदीप, बगौद, 6 नवम्बर को नारी, भाठागांव और 7 नवम्बर को चरमुड़िया में शिविर का आयोजन होगा।

# तीन बदमाशों को किया गया जिलाबदर

- एसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







जिला दंडाधिकारी ने एसपी की अनुशंसा पर इस वर्ष तीन और आदतन बदमाशों को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया है।

पुलिस द्वारा जिले में गुंडा बदमाशों एवं आदतन अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बदमाशों की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुराने आपराधिक रिकार्ड का विशलेषण कर उनके खिलाफ सामाजिक गुंडा फाइल एवं निगरानी फाइल खोली जा रही है। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर जिलाबदर की भी कार्रवाई की जा रही है। जिला दंडाधिकारी ने एसपी की अनुशंसा पर आदतन बदमाश सागर ढीमर उर्फ वाल्मिकी पिता गंगाधर उम्र 22 वर्ष रामसागरपारा, टुमेंद्र लहरे पिता जगदीश उम्र 25 वर्ष हटकेशर वार्ड व राम सोनकर उर्फ ढोलू पिता जेठूराम उम्र 26 वर्ष कारगिल चौक महिमासागर वार्ड निवासी को एक वर्ष तक के लिए जिला धमतरी व समीपस्थ जिलों की सीमा से बाहर चले जाने जिलाबदर की कार्रवाई की है।

छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5/क-ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तीनों बदमाशों को आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी सहित समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग व कोंडागांव जिले की राजस्व सीमाओं से हट जाने जिलाबदर का आदेश पारित किया है। उक्त आदेश का पालन नहीं करने पर बदमाशों पर वैधानिक कार्रवाई कर बलपूर्वक उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर निकाल दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इस वर्ष अब तक 27 गुंडा बदमाशों की सामाजिक गुंडा फाइल खोली गई, वहीं 8 बदमाशों की निगरानी फाइल खोली गई है। प्रस्तुत 13 प्रकरणों में 10 पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है। एनएसए की कार्रवाई के लिए 1 प्रकरण तैयार कर जिला दंडाधिकारी को प्रेषित किया गया है।

## ठेमली आइलैंड को विकसित करने मिली एक करोड़ की स्वीकृति

- महापौर रामू रोहरा का प्रयास रंग लाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के पर्यटन मानचित्र में एक नई पहचान जुड़ने जा रही है। गंगरेल का ठेमली आइलैंड अब पर्यटन का नया आकर्षण बनेगा। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन विकास के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। आने वाले समय में भी ठेमली के लिए फंड की स्वीकृति मिलेगी। यह उपलब्धि महापौर रामू रोहरा के निरंतर प्रयास और दूरदृष्टि का परिणाम है, जिन्होंने गंगरेल के उजाड़ टापू को एक जीवंत पर्यटन केंद्र में बदलने का सपना देखा था। महापौर श्री रोहरा ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गंगरेल का ठेमली आइलैंड अब केवल धमतरी का नहीं, बल्कि प्रदेश का गौरव बनने जा रहा है। यह परियोजना स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, स्व-रोजगार और व्यापार के नए अवसर खोलेगी। गंगरेल की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। गंगरेल बांध पहले से ही जल पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। अब ठेमली आइलैंड में बोटिंग, कैंपिंग, इको-टूरिज़्म और स्थानीय संस्कृति से जुड़े आकर्षण विकसित किए जाएंगे। इस पहल से धमतरी जिले का नाम राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक चमकेगा।

जिला हिंदी साहित्य समिति ने दीपावली मिलन पर आयोजित की काव्य गोष्ठी

## त्योहार सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का माध्यम है : चन्द्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा साहित्य भवन में दीपावली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संरक्षक गोपाल शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल तथा डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव एवं कवियों की उपस्थिति में दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की गई। साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने कहा कि दीपावली का पर्व केवल घरों में दीप जलाने तक सीमित नहीं है यह मन के अंधकार को मिटाने, स्नेह, सहयोग और रचनात्मकता के दीप प्रज्वलित करने का भी अवसर है। कवि चन्द्रशेखर शर्मा, दीप शर्मा, विनोद रणसिंग, कुलदीप सिन्हा, डॉ. सरिता दोशी, कामिनी कौशिक, पवन चंदन, रामकुमार विश्वकर्मा, आकाशगिरी गोस्वामी, नरेशचंद श्रोती, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, शेषनारायण गजेन्द्र ने बारी-बारी से अपने सृजन की प्रस्तुतियां दी।

संरक्षक श्री शर्मा ने कहा कि धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति ने सदैव सृजनशीलता की परंपरा को जीवित रखा है। यह दीपावली मिलन समारोह केवल त्योहार का आनंद नहीं हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का माध्यम है। सेनि प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता का संचार करते हैं। संरक्षक मदनमोहन खंडेलवाल ने कहा कि दीपों की यह ज्योति सदा हमारे मन में रचनात्मकता, सौहार्द और प्रेम का प्रकाश जलाए रखे। कविता और साहित्य ही वह साधन है जिससे हम अंधकारमय समय में भी प्रकाश की राह देख सकते हैं। काव्य गोष्ठी का संचालन श्रीमती कामिनी कौशिक व आभार व्यक्त साहित्य समिति के सचिव डॉ. सोनी ने किया। अंत में जिला हिन्दी साहित्य समिति के संरक्षक एवं प्रख्यात हास्य व्यंग्य कवि स्व. सुरजीत नवदीप, एके इंगोले के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

## मन को प्रसन्नता व तनाव से मिली मुक्ति



- आर्ट ऑफ लिविंग की धमतरी इकाई ने गंगरेल में एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आर्ट ऑफ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा एडवांस्ड मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन गंगरेल के एक रिसार्ट में किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली, मध्यप्रदेश और देश के विभिन्न प्रांतों से आए 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में मन की प्रसन्नता, तनाव से मुक्ति और गहरे ध्यान का अनुभव किया। मुख्य प्रशिक्षक जयपुर राजस्थान से पहुचे आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रवीण मेहता ने प्रतिभागियों को गहरे ध्यान का प्रशिक्षण दिया। व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास के लिए उच्च स्तरीय आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया। प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें इस दौरान विभिन्न मानसिक और शारीरिक कठिनाइयों में लाभ मिला। अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें मन की शांति, प्रसन्नता, तनाव से मुक्ति और गहरे ध्यान का अनुभव हुआ। कार्यक्रम में राजा माधवानी एवं भोजराज सिन्हा, आर्ट ऑफ लिविंग के वॉलिंटियर्स राजू भोजवानी, मोहन साहू, प्रीति, विशाल पंपनवार, गोविंद यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग की मुख्य प्रशिक्षका श्रीमती सुमिता पंजवानी, कोमल थवाईत, डीटीसी तामेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, रमाकांत सरोज एवं प्रेम नारायण साहू की उपस्थिति रही।

## गोवर्धन पूजा महोत्सव 5 नवम्बर को

- तैयारी को लेकर सर्व यादव समाज की बैठक राधाकृष्ण यादव भवन में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



इस वर्ष भी सर्व यादव सिहावा क्षेत्र द्वारा गोवर्धन पूजा महोत्सव 5 नवम्बर को मनाया जायेगा। इस संबंध में सर्व यादव समाज की बैठक राधाकृष्ण यादव भवन में हुई। रामस्वरूप यादव बिरगुड़ी को सभापति मनोनीत कर गोवर्धन पूजा महोत्सव पर चर्चा की गई। युवा प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान कृष्ण सजावट, कलश सजावट, झांकी और राउत नाचा भी होगा। मौके पर सर्व यादव समाज अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, संरक्षक गोवर्धन यादव, चिंताराम, जयराम यादव, सलाहकार सुनाराम, कोषाध्यक्ष सियाराम यादव, हरीश यादव, चंद्रभान यादव, दाऊलाल, रामाधीन यादव, गौतम यादव, हरि यादव, खम्मन यादव, माधव यादव, नरेश यादव, शैलेश यादव, डीके यादव, प्रवीण यादव, श्रवण यादव, सुरेश यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवकुंवर यादव, सचिव मीनाक्षी यादव, मीना यादव, भानकी यादव समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। सिहावा क्षेत्र के युवा अध्यक्ष डीके यादव ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## गोंडवाना समाज ने मनाया दीपावली मिलन



**धमतरी।** देवपुर परिक्षेत्र के आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा इस वर्ष मुड़ा क्षेत्र खरेंगा में दीपावली मिलन मनाया गया। मौके पर जयपाल सिंह ठाकुर तहसील अध्यक्ष धमतरी, कृष्णा नेताम परिक्षेत्र अध्यक्ष देवपुर उपाध्यक्ष विक्रम सिंह कतलम, कोषाध्यक्ष पूरण मरकाम, सचिव दिलीप तुमरेकी, मनराखन ध्रुव, तोरण ध्रुव, कोमल नागवंशी, अंगद ध्रुव, गेंदलाल ध्रुव मौजूद थे। मंच संचालन सखाराम ध्रुव व आभार प्रदर्शन संतोष ध्रुव ने किया।

### शिक्षक ने दिव्यांग सुदर्शन को दीये के साथ मिठाई भेंट की

**धमतरी।** केंद्र सरकार दवारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। सेनचुआ निवासी सुदर्शन साहू 90 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। समाज कल्याण विभाग से उन्हें विवाह प्रोत्साहन राशि मिली है। उन्होंने ऋण लेकर आटो खरीदकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने दिव्यांग मित्र को एक दीपक के साथ मिठाई भेंटकर उनका हौसला बढ़ाया।

# पशुधन आधारित गतिविधियां बनेंगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : कलेक्टर

- पशुधन विकास विभाग ने कृषक पशुपालकों के लिए मीटअप कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में कृषक एवं पशुपालकों के बीच संवाद एवं अनुभव साझा करने के उद्देश्य से मीटअप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के किसान, दुग्ध उत्पादक, बकरीपालक, मुर्गीपालक एवं मछलीपालक शामिल हुए। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने आधुनिक पशुपालन तकनीक, रोग नियंत्रण, पोषक आहार, विपणन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आज के समय में खेती-किसानी के साथ पशुपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन और बकरीपालन जैसी गतिविधियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सर्वोत्तम माध्यम बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसान अपनी खेती के साथ पशुधन आधारित व्यवसाय को अपनाएं तो उनकी वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि इच्छुक किसानों को तकनीकी जानकारी और सफल मॉडल का प्रत्यक्ष अवलोकन कराने के लिए विभाग द्वारा अन्य जिलों अथवा पड़ोसी राज्य उड़ीसा का अध्ययन दौरा भी कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

कार्यक्रम में उपस्थित तमिलनाडु के पशुधन विशेषज्ञ डॉ. ई.विजय कुमार ने कहा कि आधुनिक पशुपालन में वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से उत्पादन लागत घटती है और लाभ में वृद्धि होती है। सहायक संचालक मछली पालन मुकेश राघव ने बताया कि तालाबों के उचित प्रबंधन से प्रति हेक्टेयर उत्पादन को दोगुना किया जा सकता है। ओडिशा राज्य के जगतपुर कटक स्थित पशुपति एग्रोवेट प्रायवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर ने बताया कि शीघ्र ही उनके द्वारा कुरूद विकासखण्ड के बगौद औद्योगिक पार्क में जिले के पशुपालकों के लिए पशु आहार संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इससे पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु आहार आसानी से उपलब्ध होगा। जिले में संयंत्र स्थापित होने से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। पशु चिकित्सक डॉ. टीआर वर्मा ने टीकाकरण, संतुलित आहार एवं पशु आवास के महत्व पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विभागीय अधिकारियों से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## दीपावली मिलन में लिया भजन का आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल धमतरी शाखा ने जगन्नाथ मंदिर में दीपावली मिलन का आयोजन किया। इस दौरान छप्पन भोग, अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया । समाजजनों ने एक दूसरे के साथ दीपावली की खुशियां बांटी।

कार्यक्रम में हेमलता राजोरिया द्वारा मनोरंजक गेम का आयोजन किया गया । ऋतु शर्मा ने दीपावली के दीयों में रंगी हाउजी गेम का आयोजन किया। आशा श्रोती ने बच्चों और बड़ों के लिए पहले आओ, पहले पाओ प्रश्नोतरी का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत संस्कार, शिक्षा, धार्मिक आयोजनों का महत्व, धर्म से जुड़ी कई जानकारी से अवगत कराया गया 1 सभी ने भजनों का भी आनंद लिया। यह कार्यक्रम सरोज शर्मा, भारती शर्मा, प्रियंका शर्मा द्वारा आयोजित था। इस आयोजन में नीला शर्मा, आरती शर्मा, मंजु शर्मा, शकुंतला शर्मा, कृष्णा शर्मा, दुर्गा इंदौरिया, वंदना श्रोती, गीतिका चौबे, रीना चौबे, नीलू शर्मा, प्रतिभा शर्मा, नीतू शर्मा, ज्योति शर्मा, सोनल श्रोती, कांता चौबे, अर्शिता शर्मा आदि शामिल हुई।



## खबर संक्षेप

### साय सरकार ने 17 जन कल्याणकारी योजनाओं को कर दिया बंद : लेखराम



**कुरुद।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कांग्रेस की पूर्व सरकार द्वारा गरीबों के लिये चलाई गई 17 सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा की सरकार द्वारा बंद कर दिए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया है। लेखराम ने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना लागू करने से जनता को आर्थिक तंगी से राहत की सांस मिल रही थी लेकिन योजना को बंद करने से बिजली की बिल चार गुणा बढ़कर आ रहा है। इससे जनता में साय सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार दो साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के दो साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कहीं नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब है।

### मठ मंदिर में पीडब्लूडी विभाग के सभापति ने माथा टेका



**धमतरी।** जलाराम बापा की जयंती के अवसर पर मठ मंदिर में स्थित उनकी प्रतिमा तथा मंदिर में माथा टेककर नगर निगम के पीडब्लूडी विभाग के सभापति विजय मोटवानी ने समाज के सुख शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। श्री मोटवानी ने कहा कि समय-समय पर धरती पर संत के रूप में ईश्वर का अवतार होता है। समाज में फैली हुई विकृतियों को दूर करने के लिए संत का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण होता है। वे समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। समकालीन समय में संत जलाराम के संदेश के कारण ही सनातन धर्म में संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के लिए गुजराती समाज और गुजरात प्रांत का योगदान महत्वपूर्ण है। इसी के बल पर भारत फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है।

### प्रभातफेरी व शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# जलाराम बापा जयंती पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





संत शिरोमणि श्री जलाराम बापा की 226वीं जयंती पर शहर में दो दिवसीय भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट एवं गुजराती समाज धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पर्व में श्रद्धा, सेवा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। समाज भवन और मठ मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से दिनभर गूंजता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को प्रातः मंगल आरती और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर भक्ति गीतों की गूंज रही। दोपहर में नारायण भोग आरती संपन्न की गई, जिसके पश्चात भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं सत्संग मंडल के सदस्यों ने मधुर भजनों के माध्यम से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर किया।

पहले दिन शाम को श्री गुजराती समाज और लक्ष्य ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में भव्य बाइक रैली निकाली गई। यह रैली बिलाईमाता मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों घड़ी चौक, सिहावा चौक, गोल बाजार और शास्त्री चौक होते हुए गुजराती समाज भवन में संपन्न हुई। रैली में युवा, महिलाएं और बच्चे बड़े उत्साह से शामिल हुए। पूरे मार्ग में जय जलाराम के जयघोष और भगवा ध्वज के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा।

दूसरे दिन बुधवार को जयंती दिवस पर कार्यक्रम सुबह 5 बजे प्रभातफेरी से आरंभ हुआ। प्रभातफेरी गुजराती समाज भवन से निकलकर मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, घड़ी चौक, सिहावा चौक और रत्नाबांधा चौक होते हुए पुनः समाज भवन पहुंची। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीत गाती हुईं चल रही थीं। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

प्रभातफेरी के पश्चात मंदिर में मंगल आरती, नियमित आरती और नारायण भोग आरती हुई। दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालु परिवारों की सेवा भावना देखते ही बनती थी। समाजजन स्वयंसेवक के रूप में कार्य करते हुए पूरे कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करते रहे।

शाम 4 से 5 बजे तक भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्री जलाराम महिला सत्संग मंडल ने अपनी विशेष प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। तत्पश्चात महाआरती और नियमित आरती हुई।

शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जो गुजराती समाज भवन से प्रारंभ होकर मठ मंदिर चौक, जलाराम मंदिर, गोल बाजार, शास्त्री चौक, रत्नाबांधा चौक होते हुए पुनः समाज भवन में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों समाजजन, श्रद्धालु और बच्चे शामिल हुए। सुंदर सजी झांकियों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच पूरा शहर भक्ति में डूब गया।

समाज भवन पहुंचने के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन समिति ने कहा कि जलाराम बापा की शिक्षा सेवा, विनम्रता और करुणा आज भी समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है।

इस आयोजन में श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट समिति, गुजराती समाज धमतरी, लक्ष्य ग्रुप, महिला सत्संग मंडल एवं युवाओं का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज को एकता और प्रेम के सूत्र में बांधने वाला सांस्कृतिक उत्सव बन चुका है।

## जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के पहलवानों ने जीते गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर के महंत लक्ष्मीनारायण दास कालेज में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता में जय बंजरग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी के पहलवानों ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया।

जय बंजरग अखाड़ा गोकुलपुर की पहलवान एवं कन्या महाविद्यालय धमतरी की छात्रा कुमुद यादव ने 50 किग्रा में गोल्ड मेडल एवं शासकीय महाविद्यालय के छात्र मनीष यादव ने 92 किग्रा में गोल्ड मेडल एवं शासकीय महाविद्यालय कुरूद के हर्ष चन्द्रवंशी ने 65 किग्रा में गोल्ड मेडल जीता। अपने वजन समूह में कुश्ती जीतकर आगामी प्रतियोगिता आल इंडिया विश्व विद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए सिलेक्ट हुए।

तीनों खिलाड़ी जय बंजरग अखाड़ा गोकुलपुर में कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। कोच विजय यादव ने बताया कि आगामी प्रतियोगिता पंजाब एवं राजस्थान में आयोजित होगी। ये खिलाड़ी पंडित रविशंकर विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर कन्या महाविद्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, क्रीड़ा अधिकारी देवाशीष हाजरा, चंद्रशेखर बांधे, उस्ताद भगवान सिंह यादव, मेघराज यदु, कृष्ण साहू, नुमेश यादव, मनोज साहू, हरीश नेताम, विकास, लीना यादव ने हर्ष जताया है।

### ग्रामीण साहू समाज ने मनाया दीपावली मिलन

**सिर्री।** ग्राम पंचायत भैंसमुंडी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष कृष्णकांत साहू व विशेष अतिथि उपाध्यक्ष लेखराम साहू, संगठन सचिव कुलदीप साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिनारायण साहू, पोषण साहू थे। इस दौरान जागेश्वर साहू, संजय साहू, गौतम साहू, सनत साहू, सोम साहू, तरुण साहू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन और आभार व्यक्त लखनलाल साहू ने किया।

# पीएम के छग रजत जयंती महोत्सव की सभा में आमंत्रित करने ग्रामीणों के बीच पहुंचे प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें रजत जयंती वर्ष पर 1 नवंबर को राजधानी रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन अवसर पर भव्य आमसभा आयोजित की जा रही है। इस ऐतिहासिक आयोजन की भव्यता और दिव्यता के लिए व्यापक तैयारियां जारी हैं। राज्य स्थापना उत्सव में क्षेत्र की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ग्रामीण इलाकों और शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों से संपर्क कर उन्हें इस महोत्सव में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं।

इसी क्रम में उन्होंने दर्री ग्राम में सुबह 6:30 बजे चौपाल लगाकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया और कहा कि यह राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरवपूर्ण, अद्वितीय और ऐतिहासिक क्षण है, जिसका साक्षी बनना प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी का सौभाग्य होगा। प्रीतेश गांधी ने कहा कि 1 नवंबर 2000 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कर जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया था। आज 25 वर्षों की इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी।

उन्होंने कहा कि अटल जी राज्य निर्माता थे और मोदी जी विकास के नायक हैं। राज्य की जनता इन दोनों महान नेताओं की सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि 1 नवंबर तुलसी पूजा के पवित्र दिवस पर राजधानी पहुंचकर इस भव्य राज्य स्थापना महोत्सव को सफल बनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की विकास गाथा के इस स्वर्णिम अध्याय के साक्षी बनें।

इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, दयाराम साहू, प्रदेश महामंत्री साहू संघ, खुमान सिंह साहू, कांशीराम साहू, महेंद्र खंडेलवाल, पिंटू यादव, शेखनलाल साहू, चोखेलाल साहू, खिलावन साहू, रामदयाल साहू, अशोक कुमार साहू, कन्हैयालाल साहू, हीरादास केशरिया, नारद साहू, हस्तराम साहू, खिलेश्वर साहू, जोगेश्वर साहू, हिमांशु साहू, शिवकुमार साहू, प्रभुलाल साहू, उत्तम कुमार साहू, डॉ. जोगेश्वर साहू, रामवेद साहू, डिगेश्वर साहू, प्रकाश साहू, गंगाराम साहू, शिवशंकर यादव, चंद्रहास साहू, अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एम्बुलेंस में गूंजी बच्चे की किलकारी

- संजीवनीकर्मियों ने एंबुलेंस में ही कराई डिलीवरी, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नगरी अस्पताल से रिफर होने पर जिला अस्पताल लाते समय अचानक महिला की घाटी के पास प्रसव पीड़ा बढ़ गई। संजीवनी कर्मियों ने एम्बुलेंस में ही महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई। अपनी पहली संतान को गोद में लेकर दंपति की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

सिहावा क्षेत्र के ग्राम भड़सिवना निवासी गोकुलराम मरकाम उम्र 27 वर्ष जेसीबी आपरेटर है। बीते वर्ष उसकी शादी सावित्री उम्र 25 वर्ष से हुई है। शादी के बाद सावित्री पहली बार गर्भवती हुई। गर्भधारण के आठ माह के बाद बीते दिनों सुबह घर में उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजन महिला को डिलीवरी के लिए नगरी अस्पताल ले गए। यहां चेकअप के बाद पेट में बच्चे को उल्टा होना पाया गया। डाक्टर ने महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। नगरी लोकेशन की संजीवनी 108 एम्बुलेंस गर्भवती महिला को जिला अस्पताल पहुंचाने नगरी अस्पताल से निकली।

इसी दौरान घाटी के पास रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्थिति की गंभीरता को देख संजीवनी एम्बुलेंस 108 के ईएमटी नरसिंग पटेल, टेमनलाल साहू और तेजसिंह मनोहर ने समझदारी व हिम्मत का परिचय देते हुए मिले प्रशिक्षण का उपयोग कर एम्बुलेंस में ही महिला की आपात डिलीवरी कराई।

एम्बुलेंस में हुई डिलीवरी के बाद बच्चे के रोने की आवाज से घाटी गूंज उठी। प्रसव के बाद संजीवनी 108 की टीम ने तत्काल जच्चा व बच्चा को सकुशल जिला अस्पताल पहुंचाया। चेकअप के बाद जच्चा व बच्चे को पूरी तरह से स्वस्थ पाया गया। एहतियात दोनों को अस्पताल के पीएनसी वार्ड में आब्जर्वेशन में रखा गया। दो दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई। इस आपात डिलीवरी में मरकाम दंपति को पहली संतान के रूप में पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई।

दंपति ने अपनी पहली संतान को लेकर काफी उत्साहित होते हुए संजीवनी 108 एम्बुलेंस व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्वास्थ्य विभाग व लोगों ने संजीवनी एम्बुलेंस 108 की टीम की इस त्वरित कार्रवाई और सेवा भावना की सराहना की है।

### विकट स्थिति देख रोना आ रहा था : गोकुल

गोकुल मरकाम ने बताया कि अपनी गर्भवती पत्नी को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से डिलीवरी के लिए नगरी अस्पताल से जिला अस्पताल ला रहा था। इसी दौरान नगरी रोड में स्थित घाटी से गुजरते समय उसकी पत्नी प्रसव पीड़ा से तड़पने लगी। गंभीर स्थिति को देख संजीवनी 108 के कर्मचारी घाटी में ही एम्बुलेंस पर डिलीवरी करा रहे थे। उस समय की विकट स्थिति को देख आंखों से आंसू बह रहे थे। जैसे ही बच्चे की किलकारी सुनी व कर्मचारियों ने सुरक्षित डिलीवरी होने की जानकारी दी, वैसे ही ये आंसू खुशी में बदल गए। पहली संतान को पाकर वे काफी खुश हैं।

# समाज के उन्मुखीकरण, मजबूती और विकास पर दिया जोर

- जिला देवांगन समाज कार्यकारिणी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री







जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 26 अक्टूबर को पोटियाडीह मंडल अंतर्गत ग्राम पोटियाडीह के बाजार चौक में रखी गई। मां परमेश्वरी के पूजन पश्चात पोटियाडीह के सामाजिक बंधुओं द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने समाज के उन्मुखीकरण, मजबूती और विकास पर चर्चा की।

मौके पर मेहर सुखीत देवांगन, सामरथ संजय देवांगन, संरक्षक रामगोपाल देवांगन, कुंजलाल देवांगन, घनश्याम देवांगन, अध्यक्ष विनय देवांगन, महासचिव जयलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, उपाध्यक्ष प्रीतराम देवांगन, लखन लाल देवांगन, सहसचिव खूबलाल देवांगन, रामचंद देवांगन, अवध देवांगन, संतोष देवांगन, संगठन सचिव दशेलाल देवांगन, ऋषभ देवांगन, मीडिया प्रभारी पामेश देवांगन, जगदीशचंद्र देवांगन अध्यक्ष धमतरी मंडल, विष्णुराम देवांगन सचिव सिर्री मंडल, खिलेन्द्र देवांगन अध्यक्ष कुरूद मंडल, प्रदीप देवांगन अध्यक्ष सेमरा, भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष शत्रुहन देवांगन, अध्यक्ष टीकाराम देवांगन, सचिव पीयूष देवांगन, उपाध्यक्ष केशकुमार देवांगन, मोनिका देवांगन सदस्य जिला पंचायत धमतरी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वेदिका देवांगन, खुशबू देवांगन, रेखा, लता, मंथरा, मीरा, देवकी, चेतना देवांगन उपस्थित हुए। इनके अलावा पोटियाडीह मंडल अध्यक्ष विजय देवांगन, सचिव सुनील देवांगन, जिला कार्यकारिणी रामचन्द्र देवांगन, संरक्षक घनश्याम, गिरधर देवांगन, उपाध्यक्ष राधेश्याम, सहसचिव शेखचन्द, युवा संगठन अध्यक्ष दीपेश देवांगन, सचिव वीरेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष मयंक देवांगन, मीना देवांगन, संगठन सचिव प्रीति देवांगन, भागवत देवांगन, सहसचिव शेखरचन्द देवांगन, भवन निर्माण समिति के संरक्षक शत्रुहन देवांगन, अध्यक्ष टीकाराम देवांगन, सचिव पीयूष देवांगन, उपाध्यक्ष केस कुमार देवांगन उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को समोसा एवं मिठाई परोसी गई

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में शिक्षिका बीना गजेन्द्र द्वारा दीपावली त्योहार के अवसर पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के सभी छात्र-छात्राओं को न्योता भोज में समोसा एवं मिठाई परोसी गई। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका अनिता साहू, शहनाज बानो, राधाबाई जोशी उपस्थित थे।

### जलाराम बापा का जीवन निःस्वार्थ भावना का अद्भुत उदाहरण : रोहरा

**धमतरी।** सेवा, दया और मानवता के प्रतीक संत जलाराम बापा की जयंती पर गुजराती समाज धमतरी के तत्वावधान में श्रद्धा और भक्ति के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने कहा कि संत जलाराम बापा का जीवन समाज सेवा, परोपकार और निःस्वार्थ भावना का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने बिना भेदभाव के मानवता की सेवा को ही सर्वोच्च धर्म माना। उनके आदर्श हमें सिखाते हैं कि जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज में एकता व सौहार्द्र बनाए रखना ही सच्ची पूजा है। महापौर ने आगे कहा कि गुजराती समाज सदैव सेवा, संस्कार और एकता के लिए जाना जाता है। जिस प्रकार समाजजनों ने जलाराम बापा की परंपरा को जीवित रखा है, वह सराहनीय है।

कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांसप्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
प्लॉस्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, मूत्र स्थानों की सर्जरी
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

CHATTERJEE
Pathology Lab
Start the Month with savings
40% OFF on all test on 1st of every month
Dr. Kritika Chatterjee
(MBBS, MD Pathology)
7057689289
Chatterjee Hospital, Ambedkar chowk Puliya, Rudri Road, Dhamtari